भारत सरकार
योजना मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3505
दिनांक 23.03.2026 को उत्तर देने के लिए

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत गुजरात के डांग जिले का विकास

3505. श्री गोविंदभाई लालजी भाई धोलकिया:

क्या ***योजना*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 2018 में आरंभ किया गया आकांक्षी जिला कार्यक्रम सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य देश के सबसे पिछड़े जिलों में तीव्र विकास को गति देना है;

(ख) क्या यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, शिक्षा और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में प्रमुख विकास संकेतकों में सुधार करके अविकसित जिलों के रूपांतरण पर केंद्रित है;

(ग) क्या गुजरात राज्य का डांग जिला भी आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो इस कार्यक्रम के अंतर्गत डांग जिले के विकास के लिए निर्धारित लक्ष्यों के संबंध में अब तक क्या उपलब्धियां हासिल की गई हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) जी, हाँ। आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य भारत के 112 चिह्नित जिलों में तेजी से बदलाव लाना है। यह कार्यक्रम नीति आयोग द्वारा संचालित है।

(ख) एडीपी, स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास तथा बुनियादी ढांचा जैसे पांच महत्वपूर्ण विषयगत क्षेत्रों में फैले 49 प्रमुख विकास संकेतकों में सुधार करके 112 चिह्नित जिलों को परिवर्तित करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

(ग) और (घ) जी, नहीं। गुजरात का डांग जिला एडीपी के तहत शामिल नहीं है।

*****